प्रशासनिक बेरुखी का शिकार ब्रिटिशकालीन पुल

168 साल पुराना पुल आज भी हजारों लोगों का सहारा, जर्जर सड़क और उगी झाड़ियों ने बढ़ाई परेशानी

छपारा नवभारत। आधुनिक दौर में जहां इमारतों की उम्र कुछ दशकों तक सिमटती जा रही है, वहीं छपारा नगर में बैनगंगा नदी पर बना ब्रिटिशकालीन ऐतिहासिक पुल करीब 168 वर्षों से मजबूती के साथ लोगों की आवाजाही का प्रमुख माध्यम बना हुआ है। वर्ष 1858 के आसपास निर्मित इस पुल से आज भी चौबीसों घंटे हजारों लोग आवागमन करते हैं, लेकिन रखरखाव के अभाव में इसकी स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।



पुल की करीब आधा किलोमीटर लंबी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। बारिश के पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से सड़क को नुकसान पहुंच रहा है। वहीं पुल के दोनों ओर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। कई स्थानों पर पीपल और बरगद के पेड़ों ने भी जड़ें जमा ली हैं, जिससे पुल का स्वरूप प्रभावित होने के साथ संरचना की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल की सड़क के सुधार और निर्माण को लेकर स्वीकृति होने के बावजूद अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। नगरवासियों का कहना है कि यह पुल आज भी सबसे अधिक उपयोग में आने वाले सुरक्षित मार्गों में शामिल है, इसलिए इसकी उपेक्षा उचित नहीं है।



सड़क निर्माण की मांग

लोगों ने प्रशासन से पुल की नियमित देखरेख, झाड़ियों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यह केवल आवागमन का मार्ग नहीं, बल्कि छपारा की ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना जरूरी है।

एक नजर में

कलेक्टर नेहा मीना ने स्वयं एल्बेंडाजोल की गोली खाकर किया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ

सिवनी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज 06 अक्टूबर 2026 को सांदीपनी विद्यालय, कंडीपार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती मीना ने स्वयं एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कर बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा के सेवन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपनी उपस्थिति में विद्यालय के बालक-बालिकाओं को भी एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिले के समस्त अभिभावकों एवं बच्चों से अपील करते हुए कहा कि कृमि संक्रमण से बचाव के लिए निर्धारित आयु वर्ग के सभी बच्चों एवं लक्षित हितग्राहियों को एल्बेंडाजोल की गोली अवश्य खिलाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण एवं समुचित शारीरिक विकास के लिए कृमि संक्रमण से बचाव आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत जिले में लगभग 6 लाख 14 हजार 470 बच्चों, किशोर बालक-बालिकाओं एव (प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं) को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जानी है। उन्होंने बताया कि एल्बेंडाजोल एक सुरक्षित एवं प्रभावी कृमिनाशक दवा है। सामान्यतः इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होते हैं।

बंडोल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित



बंडोल/सिवनी नवभारत। आगामी दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बंडोल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग से आर .आई . वीरेन्द्र गुमास्ता, विद्युत विभाग सेजे .ई . आशीष कुरचे एवं बंडोल थाना प्रभारी मनोज कुमार जंघेला सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी जंघेला ने आगामी त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

सिवनी स्पोर्ट्स लीग के तहत आयोजित होगी विविध खेल प्रतियोगिता

सिवनी। कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में सिवनी स्पोर्ट्स लीग 2026 की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला खेल अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, खेल अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती मीना द्वारा बैठक में उपस्थित खेल संघों के पदाधिकारी एवं प्रशिक्षको से जिले में खेले जाने वाले इंडोर एवं आउटडोर खेलों एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों की संख्यात्मक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जिले में सिवनी स्पोर्ट्स लीग तहत आगामी प्रस्तावित कैलेंडर अनुरूप आयोजित होने वाले विविध खेल एवं खेल प्रतियोगिताओ के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

नाले और जंगल में छिपाकर रखा करीब 2 क्विंटल महुआ लाहन नष्ट



कुरई नवभारत। जिले में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुरई थाना क्षेत्र की चौकी बादलपार पुलिस ने ग्राम बेलटोला एवं आसपास के क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए करीब 2 क्विंटल महुआ लहान बरामद कर मौके पर नष्ट किया। वहीं खाखरा क्षेत्र से 15 पाव प्लेन शराब भी जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1500 रुपये बताई गई है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि बेलटोला क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से हाथभट्टी महुआ शराब तैयार की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने बेलटोला के समीप नाले, तालाब एवं आसपास के जंगल क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान अलग-अलग डिब्बों में छिपाकर रखा करीब 2 क्विंटल महुआ लहान बरामद हुआ। इसके अलावा शराब निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री भी पुलिस को मिली। पुलिस टीम ने मौके पर ही महुआ लहान एवं अन्य सामग्री को नष्ट कर दिया। इसी कार्रवाई के दौरान खाखरा क्षेत्र में दिनेश वर्मा के कब्जे से 15 पाव प्लेन शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत करीब 1500 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित गठरे एवं कुरई थाना प्रभारी कृपाल शाह टेकाम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी बादलपार इंजन सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में एएसआई योगेंद्र सिंह ठाकुर एवं आरक्षक राजेंद्र कटरे की भूमिका रही।

आवेदन पर कार्रवाई नहीं, प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर दीपक जयहिंद टीम ने उठाए सवाल



सिवनी नवभारत। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं प्रवेश व्यवस्था को लेकर दीपक जयहिंद टीम सिवनी ने प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। टीम का कहना है कि 8 सितंबर 2026 को सुरक्षा और प्रवेश व्यवस्था से जुड़े विषयों को लेकर लिखित आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक उस पर हुई कार्रवाई की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है।

टीम ने आवेदन में अधिकृत विद्यार्थियों के प्रवेश, बाहरी एवं अनधिकृत व्यक्तियों की पहचान, प्रवेश रजिस्टर तथा मुख्य द्वार पर पहचान सत्यापन जैसी व्यवस्थाओं की मांग की थी। टीम का सवाल है कि आवेदन के बाद क्या महाविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश व्यवस्था की समीक्षा की और क्या कोई ठोस कदम उठाए गए? दीपक जयहिंद टीम ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े आवेदन को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। यदि कार्रवाई की गई है तो उसकी जानकारी लिखित रूप से उपलब्ध कराई जाए और यदि कार्रवाई नहीं हुई है तो कारण स्पष्ट किया जाए। टीम ने जिला प्रशासन से 8 सितंबर के आवेदन की कार्रवाई रिपोर्ट मंगाने तथा महाविद्यालय की प्रवेश एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कराने की मांग की है। टीम के संस्थापक दीपक डेहरिया ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा किसी भी स्थिति में नजरअंदाज नहीं की जा सकती। प्रशासन को संभावित समस्याओं पर घटना से पहले ही आवश्यक कदम उठाने चाहिए। अब सवाल महाविद्यालय प्रशासन से है कि 8 सितंबर को दिए गए आवेदन पर आज तक क्या कार्रवाई हुई?

विधायक ने जिला स्तरीय सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं सम्मेलन में की सहभागिता

सिवनी नवभारत। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला स्तरीय सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं सम्मेलन मे सहभागिता किया। इस दौरान सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा और समर्पण भाव को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आयोजित जिला स्तरीय सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं सम्मेलन में भाजपा विधायक ने सहभागिता किया। कार्यक्रम मे सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन , विधायक कमल मर्सकोले एवं जिपं अध्यक्ष मालती डहेरिया के साथ द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात भाजपा पदाधिकारियों द्वारा विधायक का पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थितों के साथ श्री राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सारगर्भित लाईव उद्धबोधन का श्रवण किया। तदोपरांत सेवा ज्योति कलश को प्रज्वलित कर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ जनों, जिला पदाधिकारियों, मण्डल, मोर्चा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, मातृशक्ति एवं जनपद पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



मोगली का आयोजित प्रश्न मंच में बरघाट के प्रतिभागी रहे अव्वल



सिवनी नवभारत। राज्य स्तरीय मोगली प्रतियोगिता एवं महोत्सव को लेकर ब्लॉक के पश्चात जिला स्तरीय प्रश्न मंच का आयोजन पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में आयोजित किया गया इस दौरान आठ विकासखंड से आए हुए प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिला कलक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में तथा जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित के निर्देशन में इस प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य महेश गौतम एवं सहयोगी श्रीमती पूजा पांडे, रवि कटरे, श्री राम ठाकुर की स्थिति में आयोजित की गई उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट के कनिष्ठ वर्ग में अंशिका पार्टी और गीतांश अरविंद खेड़े प्रथम स्थान। वरिष्ठ वर्ग में प्रियांशु दुबे और घनिष्ठ पतले बरघाट विकासखंड में प्रथम रहे। इन्हें राज्य स्तरीय मोगली महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

पुनीत सागर अभियान के तहत की घाटों की सफाई



सिवनी नवभारत। गत दिवस पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत, जिसका उद्देश्य नदियों, तालाबों एवं अन्य जलस्रोतों की स्वच्छता तथा प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण को बढ़ावा देना है, मॉडर्न हायर सेकेंडरी स्कूल, सिवनी के एनसीसी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के कैडेट्स द्वारा भैरोगंज, सिवनी स्थित ऐतिहासिक श्री हनुमान घाट, जो ऐतिहासिक दलसागर तालाब पर स्थित है, में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

एनसीसी कैडेट्स ने घाट एवं उसके आसपास के क्षेत्रों की सफाई करते हुए वहाँ एकत्रित प्लास्टिक कचरे एवं अन्य गंदगी को एकत्र कर उचित रूप से निस्तारित किया। इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से कैडेट्स ने घाट को स्वच्छ, सुंदर, स्वास्थ्यकर एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर संजय शर्मा सर, प्राचीन हनुमान घाट के प्रमुख एवं जिला एथलेटिक्स एथलेटिक्स संघ के सचिव, तथा पूर्व सेना कमांडो मनोज यादव सर द्वारा एनसीसी कैडेट्स को दलसागर तालाब के ऐतिहासिक महत्व एवं राजा दलपत शाह द्वारा इसके निर्माण में दिए गए योगदान के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स द्वारा किए गए स्वच्छता कार्य एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके योगदान की सराहना की।

शतरंज में गरिमा सोनी का शानदार प्रदर्शन पांचों मुकाबले जीतकर संभाग में प्रथम



सिवनी नवभारत। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार पांढुरना में आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में सिवनी के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा और पांढुरना जिले की महिला एवं पुरुष टीमों ने हिस्सा लिया। पांच राउंड के मुकाबलों के बाद सिवनी की महिला टीम ने प्रथम और पुरुष टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

महिला वर्ग में सिवनी की गरिमा सोनी पिता शिवराम सोनी ने सभी पांचों मुकाबले जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। गर्ल्स कॉलेज की छात्रा गरिमा पूरे प्रतियोगिता में अजेय रहीं। लगातार पांच जीत के साथ उन्होंने अपनी टीम की सफलता में अहम योगदान दिया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर गरिमा सोनी का राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय की टीम में चयन हुआ है। महिला वर्ग में पीजी कॉलेज की छात्रा रुद्र मिश्रा ने भी विश्वविद्यालय की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। पुरुष वर्ग में डीपी चतुर्वेदी महाविद्यालय के छात्र शिवांश गुप्ता और प्रीतम सिंह का चयन राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय की टीम के लिए हुआ है। जिला सिवनी की महिला एवं पुरुष टीम के साथ क्रीड़ा अधिकारी मनीष चौरसिया ने कोच और मैनेजर की भूमिका निभाई। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर डीपी चतुर्वेदी महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. केके चतुर्वेदी, प्राचार्य डॉ. अमिता चतुर्वेदी और जिले के क्रीड़ा अधिकारियों ने बधाई दी।

सिवनी में 32 वार्ड किए जाने एवं सीमावृद्धि की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



सिवनी नवभारत। नगरीय निकायों के आगामी आम निर्वाचन वर्ष 2027 को दृष्टिगत रखते हुए सिवनी नगर पालिका परिषद में वर्तमान 24 वार्डों के स्थान पर 32 वार्ड किए जाने, आवश्यक सीमावृद्धि एवं पुनर्परिसीमन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किए जाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नेहा मीना को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि विगत वर्षों में सिवनी नगर का तेजी से विस्तार हुआ है। नगर की वर्तमान सीमा के आसपास अनेक नवीन कॉलोनियां एवं आवासीय बस्तियां विकसित हो चुकी हैं। बढ़ती जनसंख्या एवं विस्तारित नगरीय क्षेत्र के कारण वर्तमान 24 वार्डों में जनसंख्या एवं क्षेत्रफल का संतुलन प्रभावित हुआ है, जिससे नागरिक सुविधाओं के प्रभावी संचालन में व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।

भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्रत्येक नागरिक तक बेहतर ढंग से पहुंचाने तथा संतुलित नगरीय विकास के लिए वार्डों की संख्या में वृद्धि आवश्यक है। इसी दृष्टि से 24 वार्डों के स्थान पर 32 वार्डों का गठन, आवश्यक सीमावृद्धि एवं पुनर्परिसीमन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग की गई।

भाजपा पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मांग की कि सिवनी नगर के वर्तमान विस्तार, बढ़ती जनसंख्या एवं नागरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर सीमावृद्धि, 32 वार्डों के गठन तथा पुनर्परिसीमन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराई जाए। इस अवसर पर अभिषेक दुबे, नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी सिवनी, युवराज राहंगडाले, नगर अध्यक्ष भाजपा सिवनी उत्तर मंडल, राजेश राजू यादव, नगर महामंत्री एवं पार्षद भाजपा सिवनी दक्षिण मंडल तथा रोहित पप्पी मेहरोलिया, नगर महामंत्री एवं पार्षद भाजपा सिवनी उत्तर मंडल सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैंक मित्र संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन, श्यामसिंह बने कार्यवाहक अध्यक्ष



सिवनी नवभारत। मध्यप्रदेश बैंक मित्र संगठन जिला सिवनी के द्वारा आज मानस भवन कार्यालय में कोर कमेटी ने बैठक करके जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें संगठन के परिचालन हेतु नवीन अध्यक्ष नितिन शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष अनिल भारद्वाज के द्वारा जिले में मध्य प्रदेश बैंक मित्र संगठन को मजबूत करने हेतु कार्य योजना बनाई गई। बैठक मेंनिम्न जिला अध्यक्ष नितिन कुमार शुक्ला एवं पूर्व अध्यक्ष योगेंद्र सनोदिया एवं कोर कमेटी की सहमति से जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी में जिला कार्यवाहक अध्यक्ष श्याम सिंह राजपूत, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मरावी, जिला उपाध्यक्ष रोहित देशमुख, जिला महामंत्री शिवप्रसाद नंदौरे,जिला सहायक मंत्री विनोद झरिया, जिला मंत्री नंदकिशोर दुबे,जिला कोषाध्यक्ष अनिल भारद्वाज, जिला सहायक सचिव विनोद पारधी , जिला प्रचार मंत्री महेश रजक,जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष भोयर, जिला महिला प्रभारी रेखा चौरसिया, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अजय कुमार सेन एवं जिला सचिव राजेश बंदेवार को मनोनीत किया गया। जिला संरक्षक के रूप में योगेंद्र सनोडिया एवं राजेश जायसवाल जी को मनोनीत किया गया विशेष आमंत्रित वरिष्ठ सदस्य के रूप में सुरेंद्र बिसेन विजय चौहान उत्तम सिंह बघेल अनिल मरावी चिरंजीलाल चौरसिया राधेश्याम चौरसिया अशोक पटेल एवं लता चौरसिया को मनोनीत किया गया। जिले में संगठन को मजबूत करने हेतु आगामी रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर जिला कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

जनगणना के द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

सिवनी। सिवनी में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण अर्थात् जनसंख्या की गणना के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण जनगणना निदेशालय, भोपाल से आए प्रशिक्षक शिवम श्रीवास्तव एवं रोहित पांडे द्वारा प्रदान किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में जिले की समस्त नगरपालिकाओं के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, संबंधित लिपिक एवं तकनीकी सहायकों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य की प्रक्रिया, दायित्वों एवं आवश्यक तकनीकी पहलुओं के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जनगणना के सफल संचालन एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने की दिशा में यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण रहा।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुरई, जनपद पंचायत कुरई, जिला सिवनी (म.प्र.)

क्रमांक/109/नीलामी/2026 **निविदा/नीलामी आमंत्रण सूचना** दिनांक, - 06/10/2026

ग्राम पंचायत कुरई के बाजार चौक कुरई स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स की 12 दुकानों की नीलामी मध्यप्रदेश पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 65 एवं मध्यप्रदेश पंचायत (स्थावर संपत्ति अंतरण) नियम 1994 के तहत दिनांक 22/10/2026 को दोपहर 12 :00 बजे जनपद पंचायत कुरई सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

इच्छुक बोलीदार रु .500/- आवेदन शुल्क जमा कर दिनांक 08/10/2026 से 21/10/2026 तक ग्राम पंचायत कुरई से आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। नीलामी के दिन प्रातः 10 :00 से 12 :00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित अमानत राशि नगद जमा कर बोली में भाग लिया जा सकेगा। निर्धारित समय के पश्चात अमानत राशि स्वीकार नहीं की जाएगी।

दुकानों की आरक्षण प्रक्रिया, ऑफसेट प्राइस एवं नियम-शर्तें ग्राम पंचायत कुरई कार्यालय में देखी जा सकती हैं। विस्तृत विज्ञापन एवं शर्तें रु .50/- जमा कर ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती हैं।

सरपंच, श्रीमति तरुणा परते, ग्राम पंचायत कुरई, जनपद पंचायत कुरई, जिला सिवनी (म.प्र.)

सचिव, श्री नितलेश डहरवाल, ग्राम पंचायत कुरई, जनपद पंचायत कुरई, जिला सिवनी (म.प्र.)

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खैरापलारी

निविदा आमंत्रण सूचना पं. कं. 352

समिति के कार्यालय भवन निर्माण हेतु निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित विक्रेताओं/फर्मों से सीलबंद कोटेशन आमत्रित किये जाते हैं। निविदा दिनांक 09.10.2026 से दिनांक 15.10.2026 तक समिति कार्यालय में श्री सगीर खान लेखापाल के पास कार्यालय समयानुसार जमा की जा सकती है। निविदा दिनांक 17/10/2026 को दोपहर 2 बजे से 4 बजे के मध्य खोली जावेगीं।

आवश्यक सामग्री- (1) सीमेंट (2) सरिया 8mm, 10mm, 12mm, 16mm (TMT) (3) ईट प्रथम श्रेणी (4) गिट्टी 20mm, (5) रेत (6) खिडकी दरवाजा (7) मुरम (8) शटर चेनल गेट (9) टाईल्स ग्रेनाईट (10) पेंट पुट्टी

शर्तें :- (1) प्रदायकर्ता फर्म का GST नंबर होना अनिवार्य है। (2) सामग्री निर्माण स्थल पर पहुंचाकर देना होगा।

प्रबंधक
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सोरापलारी, पं.क्र.-352

आयोजन | सामाजिक सरोकारों का संदेश देकर युवा विद्यार्थियों को किया जागरूक

सफलता की अनकही कहानी का हुआ नाट्य मंचन, सांसद कुलस्ते रहे उपस्थित

सिवनी नवभारत। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत 07 अक्टूबर को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी में सफलता की कहानी का नाट्य मंचन आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन तथा राष्ट्र हित में उनके महान कार्यों से जुड़ी प्रेरक झलकियों ने दर्शक दीर्घा को प्रभावित कर दिया।



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना रहा. होप टू पाइंट जीरो एंटरटेनमेंट समूह के करन वासनिक एवं साथियों ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सिवनी-मंडला के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री इस देश में कभी नहीं हुआ. मोदी सरकार ने देश को 21वीं शताब्दी में सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी का जीवन और मिशन युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है.

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सेवा संकल्प अभियान के संभागीय संयोजक राजेश त्रिवेदी, गजानन पंचेश्वर, मुकेश बघेल, संतोष नगपुरे डॉ. अभिजीत चौहान, सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक वीरेंद्र डेहरिया, अल्केश रजक, जिला सेवा संकल्प अभियान के नगर संयोजक संजय सोनी, अनूप मिश्रा और विजय गोलू मिश्रा , पीयूष दुबे, दिनेश कर्वेती, स्वर्णिम साहू, नूर खान और नीलेश जैन उपस्थित रहे. कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक डॉ. सत्येन्द्र कुमार शेन्डे ने किया.

यह रहे मौजूद

कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्य डॉ. सविता मसीह, डॉ. ज्योति गजभिये, डॉ. मनोज टेंभरे, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. श्याम सिंह राहंगडाले, अमितोष सनोडिया, डॉ. सौरभ सोनी, नरेश डहाके ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कार्यक्रम में कॉलेज स्टाफ सहित यूजी तथा पीजी कक्षाओं के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.